अति महत्वपूर्ण/विधानसभा मामला
विशेष पत्र वाहक/ई–मेल द्वारा

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार**
**9वां तल–ए विंग, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली**

**F.No 234/1299/HFW/QC/2023/** 2937 **दिनांकः–** 15/12/2023

सेवा में,

श्रीमान उप–सचिव (प्रश्न शाखा)
दिल्ली विधानसभा सचिवालय
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, दिल्ली–110054

**विषय :** **सातवी विधानसभा का चतुर्थ सत्र (शीतकालीन सत्र–2023), माननीय विधायक श्री अभय वर्मा द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न सं0 134 दिनांक 18.12.2023 के संदर्भ में।**

महोदय/महोदया,

यह पत्र आपके पत्र सं0 एफ.11(बी–1)VII/2020-25/वि.स.स./प्रश्न शा./6316 दिनांक 07.12.2023 के संदर्भ में प्रेषित किया जा रहा है।

कृपया उपरोक्त के संदर्भ में इस पत्र के साथ माननीय विधायक श्री अभय वर्मा द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सं0 134 का उत्तर निर्धारित प्रारूप में (100 प्रतियां) आपको अग्रिम कार्यवाही हेतु भेजा जा रहा है।

यह उत्तर मा0 मंत्री महोदय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, दिल्ली सरकार के अनुमोदन से प्रेषित किया गया है।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार (100 प्रतियां)

भवदीय

उप–सचिव (प्र0शा0)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
Deputy Secretary
Health & Family Welfare Deptt.
Govt.of NCT of Delhi
Delhi Secretariat, New Delhi-02

Scanned with OKEN Scanner

अति महत्वपूर्ण/विधानसभा मामला
विशेष पत्र वाहक/ई-मेल द्वारा

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार
9वां तल-ए विंग, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली

**F.No 234/1299/HFW/QC/2023/** 2938 दिनांक:- 15/12/2023

सेवा में,

श्रीमान निदेशक
सूचना एवं प्रचार निदेशालय
पुराना सचिवालय, ब्लाक-9 दिल्ली-110054

**विषय :** **सातवी विधानसभा का चतुर्थ सत्र (शीतकालीन सत्र-2023), माननीय विधायक श्री अभय वर्मा द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न सं0 134 दिनांक 18.12.2023 के संदर्भ में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपरोक्त विषय के संदर्भ में इस पत्र के साथ माननीय विधायक श्री अभय वर्मा द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सं0 134 का उत्तर निर्धारित प्रारूप में आपको अग्रिम कार्यवाही हेतु भेजा जा रहा है।

यह उत्तर मा0 मंत्री महोदय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, दिल्ली सरकार के अनुमोदन से प्रेषित किया गया है।

संलग्नक: उपरोक्तानुसार

भवदीय

उप-सचिव (प्र0शा0)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
Deputy Secretary
Health & Family Welfare Deptt.
Govt.of NCT of Delhi
Delhi Secretariat, New Delhi-02

Scanned with OKEN Scanner

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार
9वां तल–ए विंग, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली

अतारांकित प्रश्न संख्या : 134

दिनांक : 18.12.2023

प्रश्नकर्ता का नाम : मा० विधायक श्री अभय वर्मा

क्या उपमुख्यमंत्री/मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| क | लक्ष्मीनगर विधानसभा में मंडावली स्थित पॉलीक्लीनिक कब तक बन जाएगा और उपरोक्त पॉलीक्लीनिक पर कितना बजट खर्च होगा एवं उपरोक्त पॉलीक्लीनिक किस सरकार विभाग द्वारा निर्मित किया जा रहा है व निर्माण कार्य में लगे अधिकारी का नाम और सम्पर्क सूत्र (मोबाइल नम्बर) का विस्तृत विवरण दें; | लक्ष्मी नगर विधान सभा में मंडावली स्थित पॉलीक्लीनिक का कार्य लोक निर्माण विभाग, दिल्ली सरकार के अंतर्गत प्रक्रियारत है।<br>मौजूदा अनुमोदन के अनुसार दिल्ली सरकार के 94 औषधालयों को अपग्रेड करके पॉलिक्लिनिक बनाने के लिये कुल खर्चा ₹ 168.58 करोड होगा जिनमें मंडावली औषधालय भी सम्मिलित है।<br>लक्ष्मी नगर विधान सभा में मंडावली स्थित पॉलीक्लीनिक का कार्य के लिए मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग के अधीन है। |
| ख | उपरोक्त पॉलीक्लीनिक बनाने में विलम्ब होने का क्या कारण है और कौन–सा विभाग व अधिकारी उपरोक्त को विलम्ब करने का दोषी है; | औषधालय भवन मंडावली को गिराकर उक्त स्थान पर पॉलिक्लिनिक का निर्माण किया जायेगा जिसके लिये सक्षम अधिकारी के अनुमोदन की आवश्यकता होती है। पॉलीक्लीनिक का कार्य लोक निर्माण विभाग, दिल्ली सरकार के अंतर्गत प्रक्रियारत है। |
| ग | साउथ गणेश नगर के मोहल्ला क्लीनिक को रमेश पार्क में स्थानातंरित करने के उपरांत साउथ गणेश नगर क्षेत्र में नया मोहल्ला क्लीनिक नहीं बनाये जाने के क्या कारण है, विस्तार से जानकारी दें; | दक्षिण गणेश नगर में स्थित मौहल्ला क्लिनिक जिसे बंद किया गया है उसकी दूरी अन्य हेल्थ फैसिलिटीज से निम्न लिखित दूरी पर है:–<br>सी– 95 ए, गणेश नगर काम्प्लेक्स मौहल्ला क्लिनिक –500 मीटर<br>दिल्ली सरकार डिस्पेंसरी, पांडव नगर –850 मीटर<br>आम आदमी मौहल्ला क्लीनिक, सद्भावना अपार्टमेंट –1.3 किलोमीटर<br>आम आदमी मौहल्ला क्लीनिक, सीपीए, बिल्डिंग– 1.5 किलोमीटर<br><br>इतने सारे हेल्थ फैसिलिटीज के नजदीक होने की वजह से नया मौहल्ला क्लीनिक नहीं बनाया जा रहा है। |
| घ | लक्ष्मी नगर विधानसभा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा फरवरी 2020 से लेकर 28 फरवरी 2023 तक कितने रूपये का बजट यहां के विकास के लिए खर्च किया गया है, पूर्ण विवरण के साथ जानकारी दें; | बजट का आबंटन विधानसभावार (Asemblywise) नहीं होता। अतः लक्ष्मी नगर विधान सभा के बारे में विकास के लिए खर्च की जानकारी का विवरण दे पाना संभव नहीं हैं । |
| ड | क्या लक्ष्मी नगर विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई बिस्तरों वाला छोटा अस्पताल बनाने की योजना लंबित है; और | इस महानिदेशालय के पास ऐसा कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है। |
| च | यदि हाँ, तो इसकी जानकारी दी जाए? | लागू नहीं होता |

उपरोक्त उत्तर मा० मंत्री महोदय (स्वास्थ्य) के अनुमोदन के पश्चात जारी किया गया है।

हस्ताक्षर

विभाग अध्यक्ष
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

Dr. S.B. Deepak Kumar
Secretary (H&FW)

Scanned with OKEN Scanner